बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-74
09/02/2021

राजभवन में आयोजित मंत्रिमंडल के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 09 फरवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज राजभवन के राजेंद्र मंडप में आयोजित मंत्रिमंडल के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। राज्यपाल श्री फागू चौहान ने राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री के रुप में 17 नए मंत्रियों को शपथ दिलायी।

शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। सभी नवनिर्वाचित मंत्रियों को बधाई देता हूं। मैं सबसे यही आग्रह करुंगा कि वे पूरी निष्ठा के साथ बिहार की सेवा करें और अपने दायित्वों का निर्वहन करें। हमने सभी मंत्रियों के विभागों का निर्णय कर दिया है। आज मंत्रिमंडल की बैठक में सभी नए मंत्री भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी मंत्रिपरिषद का गठन होता है तो हर इलाके और समाज के हर तबके के प्रतिनिधित्व का ध्यान रखा जाता है। हमारी कोशिश होती है कि लगभग सभी क्षेत्र के लोगों का प्रतिनिधित्व हो। मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या सीमित होती है। हमारा प्रयास होता है कि मंत्रिमंडल में ब्रॉडर रुप में सभी इलाके के लोगों की भूमिका रहे।

******